# केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड

(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संगठन)

## CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION

(An Autonomous Organisation Under the Ministry of Education, Govt. of India)

आज़ादी का अमृत महोत्सव


**क्र.केमाशिबो/(शैक्ष.)/संस-शसिं/विचु/2023/** **दिनांक: 03. 04. 2023**

**परिपत्र संख्या शैक्षणिक-41/2023**

केमाशिबो से संबद्ध सभी विद्यालयों के प्रमुख/प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या

**विषय: केमाशिबो विज्ञान चुनौती 2023-24**

विज्ञान हमारे जीवन के साथ गहनता से जुड़ा हुआ है और हमारे आसपास की दुनिया को बेहतर ढंग से समझने में हमारी सहायता करता है। इस विषय से जुड़कर, विद्यार्थी सोचना, समस्याओं को हल करना और उचित निर्णय लेना सीखते हैं। शिक्षार्थियों में जिज्ञासा उत्पन्न करने, अनुसंधान और उच्च स्तर की सोच विकसित करने हेतु बोर्ड, **कक्षा 8वीं से 10वीं के विद्यार्थियों के लिए केमाशिबो विज्ञान चुनौती** का आयोजन कर रहा है।

यह चुनौती अप्रैल-मई माह **2023** में केमाशिबो प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध होगी। केमाशिबो विज्ञान चुनौती का विषय है-**विज्ञान, पर्यावरण और स्थिरता**

**केमाशिबो विज्ञान चुनौती का विवरण**

- चुनौती दो राउंड्स में आयोजित की जाएगी - विद्यालय में और अंतर्विद्यालय ।
- दोनों चरणों में भाग लेने वाले विद्यार्थियों के लिए यह संवर्धन गतिविधि नि:शुल्क है।
- केमाशिबो से संबद्ध विद्यालयों के कक्षा 8 से 10 तक के सभी विद्यार्थी राउंड वन (प्रथम चरण) में भाग लेने के पात्र हैं। विद्यालय को इस दौर के लिए विद्यार्थियों को पंजीकृत करना होगा। राउंड टू (द्वितीय चरण) के लिए, प्रथम चरण में पंजीकृत प्रत्येक संबद्ध विद्यालय पहले से पंजीकृत 6 विद्यार्थियों (प्रतिभागी कक्षा से सर्वश्रेष्ठ 02 विद्यार्थी) को नामांकित कर सकता है।
- विज्ञान चुनौती पेपर में बहुविकल्पीय प्रश्न (एमसीक्यू) के साथ विभिन्न प्रकार के प्रेरक प्रश्न सम्मिलित होंगे। भाग लेने वाले विद्यार्थियों का कार्य गति और सटीकता दोनों पर केंद्रित होगा।
- राउंड टू के सभी प्रतिभागियों को बोर्ड द्वारा ऑनलाइन भागीदारी प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा। उत्तम प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रशंसा प्रमाणपत्र प्रदान किये जायेंगे।
- पंजीकरण के लिए विद्यालयों का विवरण अनुलग्नक ।पर उपलब्ध है।

सभी विद्यालय अपने विद्यालय के विद्यार्थियों को केमाशिबो विज्ञान चुनौती में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करें यह संवर्धन गतिविधि शिक्षार्थियों को अपने कौशल का अभ्यास और प्रदर्शन करने का अवसर प्रदान करेगी। किसी भी प्रकार के स्पष्टीकरण के लिए, आप

CBSEScienceChallenge@cbseshiksha.in पर ईमेल भेज सकते हैं या 011-23211575 पर फ़ोन कर सकते हैं ।

शुभकामनाओं सहित!

**(डॉ. जोसफ इमानुवल)**
**निदेशक (शैक्षणिक)**

**नीचे दर्शाए अनुसार संबंधित निदेशालयों, संगठनों और संस्थानों के प्रमुखों को उनके अधिकार क्षेत्र के तहत सभी विद्यालयों में सूचना प्रसारित करने के अनुरोध के साथ प्रतिलिपि:**

1. आयुक्त, केन्द्रीय विद्यालय संगठन, 18 संस्थागत क्षेत्र, शहीद जीत सिंह मार्ग, नई दिल्ली-16
2. आयुक्त, नवोदय विद्यालय समिति, बी-15, सेक्टर-62, संस्थागत क्षेत्र, नोएडा- 201309
3. सचिव, एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय (ईएमआरएस), जनजातीय मामलों के मंत्रालय, भारत सरकार,शास्त्री भवन, ए-विंग, डॉ. राजेंद्र प्रसाद रोड, नई दिल्ली, 110001
4. सचिव, सैनिक विद्यालय सोसायटी, कमरा नं. 101, डी-1 विंग, सेना भवन, न्यू दिल्ली-110001।
5. अध्यक्ष, ओडिशा आदर्श विद्यालय संगठन (ओएवीएस), एन-1/9, दूरदर्शन केंद्र के पास, पीओ सैनिक विद्यालय नयापल्ली, भुवनेश्वर, ओडिशा-751005।
6. शिक्षा निदेशक, शिक्षा निदेशालय, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार, पुराना सचिवालय, दिल्ली-110054
7. सार्वजनिक निर्देश निदेशक (विद्यालय), संघ शासित प्रदेश सचिवालय, सेक्टर-9, चंडीगढ़- 160017
8. निदेशक (परीक्षा और विद्यार्थी वृत्ति), मानव संसाधन विकास विभाग, गंगटोक, सिक्किम सरकार, सिक्किम-737101
9. माध्यमिक शिक्षा निदेशक, शिक्षा विभाग, अरुणाचल प्रदेश सरकार, ईटानगर - 791111।
10. निदेशक (शिक्षा), शिक्षा निदेशालय वीआईपी रोड, अंडमान और निकोबार द्वीप, पोर्ट ब्लेयर - 744103
11. शिक्षा निदेशक, एस.आई.ई., केमाशिबो प्रकोष्ठ, वीआईपी रोड, जंगली घाट, पी.ओ. 744103, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह
12. निदेशक, केंद्रीय तिब्बती विद्यालय प्रशासन, ईएसएसएसएस प्लाजा, सामुदायिक केंद्र, सेक्टर-3, रोहिणी, दिल्ली।
13. सेना शिक्षा के अतिरिक्त महानिदेशक, ए-विंग, सेना भवन, डीएचक्यू, पीओ, नई दिल्ली-110001।
14. निदेशक एडब्ल्यूईएस, रक्षा मंत्रालय (सेना) का एकीकृत मुख्यालय, एफडीआरसी बिल्डिंग नंबर 202, शंकर विहार (एपीएस के पास), दिल्ली कैंट-110010
15. केमाशिबो के सभी क्षेत्रीय निदेशकों/क्षेत्रीय अधिकारियों को इस परिपत्र को किसी भी क्षेत्र में बोर्ड के संबद्ध विद्यालयों के सभी प्रमुखों को भेजने के अनुग्रह के साथ
16. सभी संयुक्त सचिव / उप सचिव / सहायक सचिव / वरिष्ठ निजी सचिव / विश्लेषक, केमाशिबो

17. सभी प्रमुख/ प्रभारी, उत्कृष्टता केंद्र, केमाशिबो
18. इस परिपत्र को केमाशिबो की शैक्षणिक वेबसाइट पर डालने की मांग के साथ प्रभारी आईटी इकाई
19. प्रभारी, पुस्तकालय
20. प्रमुख (मीडिया और जनसंपर्क), केमाशिबो
21. अध्यक्ष , केमाशिबो के उप सचिव
22. सचिव, केमाशिबो के वरिष्ठ निजी सचिव
23. निदेशक (शैक्षणिक), केमाशिबो के वरिष्ठ निजी सचिव
24. निदेशक (सूचना प्रौद्योगिकी), केमाशिबो को वरिष्ठ निजी सचिव
25. परीक्षा नियंत्रक, केमाशिबो के प्रधान निजी सचिव
26. निदेशक (कौशल शिक्षा), केमाशिबो के वरिष्ठ निजी सचिव
27. निदेशक (व्यावसायिक परीक्षा), केमाशिबो के प्रधान निजी सचिव
28. निदेशक (प्रशिक्षण), केमाशिबो के वरिष्ठ निजी सचिव
29. निदेशक (सीटीईटी), केमाशिबो के प्रधान निजी सचिव
30. निदेशक (एडुसैट), केमाशिबो के वरिष्ठ निजी सचिव
31. रिकॉर्ड फ़ाइल

**निदेशक (शैक्षणिक)**

**अनुलग्नक I**

**विज्ञान चुनौती - 2023-24 दो चरणों में आयोजित की जाएगी:**

**A. प्रथम चरण (राउंड वन):**

- केमाशिबो से संबद्ध विद्यालय अपने विद्यार्थियों (कक्षा 8 से 10) को विज्ञान चुनौती पोर्टल https://cbseit.in/cbse/2023/scichg/login.aspx **पर विद्यार्थी सूची (एलओसी) क्रेडेंशियल्स का उपयोग कर 03 अप्रैल 2023 से 14 अप्रैल 2023 तक राउंड वन (प्रथम चरण) के लिए गिन करके चुनौती हेतु पंजीकृत कर सकते हैं।** अंतिम समय की जल्दबाजी से बचने के लिए विद्यालयों को सलाह दी जाती है कि वे अंतिम तिथि से पूर्व पंजीकरण करा लें।
- **17 अप्रैल 2023** को, पंजीकृत विद्यालयों को बहुविकल्पीय प्रश्न (एमसीक्यू) सहित विज्ञान चुनौती पेपर, स्कोरिंग मानदंड के साथ उपरोक्त पोर्टल पर उपलब्ध कराया जाएगा।
- विद्यालय **17 अप्रैल, 2023 से 21 अप्रैल, 2023** के बीच पंजीकृत विद्यार्थियों के लिए चुनौती का आयोजन करेगा और राउंड -1 के लिए प्रदत कार्यों पर उनके प्रदर्शन के आधार पर 06 विद्यार्थियों (कक्षा 8 से 10 तक प्रत्येक में 02) को चुनौती के अगले राउंड के लिए चुना जायेगा।
- विद्यालय तत्पश्चात **24 अप्रैल 2023 से 04 मई, 2023** के बीच केमाशिबो विज्ञान चुनौती पोर्टल पर राउंड 2 के लिए चुने गए विद्यार्थियों को पंजीकृत करेगा।

**B. द्वितीय चरण (राउंड टू)**

- बोर्ड द्वारा **08 मई 2023 से 12 मई 2023** के बीच पंजीकृत विद्यार्थियों के लिए कंप्यूटर-आधारित विज्ञान चुनौती आयोजित की जाएगी। केवल वे विद्यालय जिन्होंने प्रथम चरण को पूरा कर लिया है और द्वितीय चरण के लिए पंजीकृत विद्यार्थी राउंड टू के लिए पात्र होंगे।
- इस परीक्षा के संचालन के विस्तृत विवरण के विषय में उन विद्यालयों को सूचित किया जाएगा जो चुनौती के द्वितीय चरण के लिए विद्यार्थियों को पंजीकृत करेंगे।